कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री चांदिबाई चावला पत्नि स्व0 श्री भेरूलाल चावला पताः– लालबाग नाथद्वारा जिला राजसमंद राजस्थान।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लवाण।

अपील सं0 13/2021

निर्णय   दिनांक : 08.04.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, लवाण, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, लवाण, जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/922 दिनांक 12.03.2021 एवं स्मरण पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/1031 दिनांक 25.03.2021 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, लवाण, जिला दौसा से प्राप्त पत्रांकः न्याय/2021/147 दिनांक 18.03.2021 द्वारा अवगत करवाया की अपीलांट को उनके कार्यालय के पत्रांकः न्याय/2021/129 दिनांक 05.03.2021 द्वारा सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। पत्रावली मे संलग्न तहसीलदार लवाण के पत्रांक 118 दिनांक 24.02.2021 द्वारा आवेदक को वरिष्ठ नागरिक अधिनियम 2007 के तहत प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध मे सक्षम अधिकारी उपखण्ड अधिकारी नांगल राजावतान को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर,दौसा